# सांसद ने प्रधानमंत्री से मुलाकात में महुए के कुकीज-लड्डू किये थे भेंट, मन की बात में पीएम ने किया छिन्दवाड़ा राजाखोह का उल्लेख




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आकाशवाणी पर प्रस्तुत मन की बात के 120 वे एपिसोड कार्यक्रम को संपूर्ण देश में सुना और देखा गया। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छिंदवाड़ा के दूरस्थ ग्राम राजाखोह में समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे महुआ की कुकीज का जिक्र करते हुए महिलाओं के जज्बे की तारीफ की।

विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा विगत दिनों दिल्ली की संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें आदिवासी बहनों द्वारा तैयार महुआ की कुकीज और लड्डू भेंट करते हुए इसकी विशेषताओं से उन्हें अवगत कराया था। रविवार 30 मार्च को आकाशवाणी में प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी महुआ की कुकीज का जिक्र किया।

### प्रधानमंत्री ने महिलाओं के जज्बे की कि तारीफ

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, मन की बात में अब एक चटपटा सा और अटपटा सा सवाल। आपने कभी फूलों की यात्रा के बारे में सोचा है। पेड़ पौधों से निकले कुछ फूलों की यात्रा मंदिरों तक होती है। कुछ फूल घर को सुंदर बनाते हैं, कुछ इत्र में घुलकर हर तरफ खुशबू फैलाते हैं। लेकिन आज मैं आपको फूलों की एक और यात्रा के बारे में बताऊंगा। आपने महुआ के फूलों के बारे में जरूर सुना होगा। हमारे गांवों और खासकर के आदिवासी समुदाय के लोग इसके महत्व के बारे में अच्छी तरह जानते हैं। देश के कई हिस्सों में महुआ के फूलों की यात्रा अब एक नए रास्ते पर निकल पड़ी है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में महुआ के फूल से कुकीज बनाए जा रहे हैं। राजाखोह गांव की चार बहनों के प्रयास से ये कुकीज बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। इन महिलाओं का जज्बा देखकर एक बड़ी कंपनी ने इन्हें फैक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी। इनसे प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं इनके साथ जुड़ गई हैं।





इनके बनाए महुआ कुकीज की मांग तेजी से बढ़ रही है। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में भी दो बहनों ने महुआ के फूलों से नया एक्सपेरिमेंट किया है। वो इनसे तरह-तरह के पकवान बनाती हैं, जिन्हें लोग बहुत पसंद करते हैं। उनके पकवानों में आदिवासी संस्कृति की मिठास भी है।

### सांसद ने प्रधानमंत्री से की थी मुलाकात

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को सौ दिवसीय सेवा संकल्प पर आधारित बनाई गई स्मारिका भी भेंट की थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्मारिका को ध्यान पूर्वक देखा और पढ़ा था। सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन सौंसर के बुनकर भाइयों के हाथों से बने हुए अंग वस्त्र से किया। प्रधानमंत्री को पातालकोट के तामिया के ग्राम राजाखोह की स्वसहायता समूहों की बहनों के हाथों से बनी फूलों की गुलाल एवं महुआ के लड्डू और मिलेट्स के बिस्किट भी भेंट किये।

रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में छिंदवाड़ा का जिक्र करने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने उनका आभार व्यक्त किया है।

## सार समाचार

### वैश्य दिवस पर विशाल वाहन रैली निकाली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के द्वारा वैश्य दिवस एवं नव वर्ष के अवसर पर स्थानीय फव्वारा चौक से एक वाहन रैली निकाली गई।

वाहन रैली के प्रभारी ब्रजेश काल्पिवार ने बताया कि नए संवत्सर 2082 के शुभारंभ, वैश्य दिवस के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के तत्वावधान में फव्वारा चौक स्थित वैश्य शिरोमणि महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदेशमंत्री रमेश जाखोटिया, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा, जिला इकाई अध्यक्ष अनिल सिंघई के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर बधाई और सर्वजनहित की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। वाहन रैली का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी केवलारी निवासी रूपराम साहू ध्वजा दिखाकर किया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने सभी वैश्य



बंधुओ को वैश्य दिवस एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकानाएं देते हुए वैश्य एकता का आव्हान किया। विशाल वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए फव्वारा चौक पहुँच कर सभा का आयोजन किया गया। समापन सभा में प्रदेश मंत्री रमेश जखोटिया, जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंघई ने उपस्थित सभी वैश्य बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए युवा इकाई के द्वारा विगत 2 दिनों से कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप सफल वाहन रैली के लिए बधाई दी।

जिला मीडिया प्रभारी विकास वात्सल्य ने बताया कि वाहन रैली फव्वारा चौक से शुरू होकर गोलगंज, मेनरोड, छोटी बाजार, गणेश चौक, छोटा तालाब, अलका टाकीज, पुराना बैलबाजार, मानसरोवर काम्प्लेक्स, इंदिरा तिराहा होते हुए फव्वारा चौक पहुंची। वाहन रैली प्रभारी ब्रजेश काल्पीवार, संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई धर्मेंद्र साहू, जिला प्रभारी युवा इकाई शैलेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष युवा ईकाई विशाल माहेश्वरी, संगठन महामंत्री युवा इकाई मनीष गुप्ता द्वारा सभी को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अन्य लोगों में डॉ. यू.सी. जैन, प्रशांत सोनी, दिलीप पाटनी, मुकुंदचंद्र अग्रवाल, रामकुमार सोनी, अखिलेश नेमा, शुभम साहू, मनीश गुप्ता, कुंज राठी, पंकज मनमोहन जैन, अंकेश शंकर लाल साहू, पंकज भारद्वाज, अजय जैन, मुरली मनोहर राठी, अजय चौरसिया, जितेन्द्र जैन, मयंक नेमा, सुनील जैन, दिगंबर, दीपक साहू, नीरज असाटी, बीरबल साहू, राकेश अग्रवाल, डॉक्टर पवन नेमा, अजय राज जैन,



रानू, अनिल जैन शिक्षक, संदीप जैन, सुमित जैन कोहिनूर, रवि गुप्ता, राजकुमार बात्री, विवेक राज जैन, संजय साहू, अक्षय जैन, मनोज बाकलीवाल, अनिल बज, सुनील अग्रवाल, राजाराम साहू, चैनकुमार जैन, पंकज धनराज साहू, मनमोहन चांडक, जितेंद्र साहू, राजेंद्र कुमार जैन, हेमंत जैन, मनोज साहू, दीपक जैन, संदीप कुमार जैन, शुभ संदीप जैन, संदीप साहू, दिव्यांश साहू, कमलाकर जैन, अशोक अग्रवाल, सुमितराज जैन, सौरभ कोठारी, चेतन बज चानी, डॉक्टर गौरव भारद्वाज, सचिन जैन, संजय साहू, दिनेश चंद्रवंशी, टीनू एवं अन्य बड़ी संख्या में वैश्यबंधु उपस्थित हुए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष व सांसद ने भगवान झूलेलाल की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड पर्व के अवसर मोहन नगर स्थित भगवान झूलेलाल के मंदिर पहुंचे, जहां सिंधी समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सांसद विवेक बंटी साहू ने मंदिर में भगवान झूलेलाल की आरती की एवं माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू भी आरती और पूजा में शामिल हुए और छिन्दवाड़ा पांढुर्णा की जनता के लिए नव वर्ष और चेटीचंड पर्व के अवसर पर सभी को शुभकामनाऐं देते हुए जनकल्याण की कामना के लिए आशीर्वाद भी मांगा।

इस अवसर पर डॉ कृष्णा हरजानीए घनश्याम पंजवानीए सुनील लालवानीए मुकेश लालवानी सहित सिंधी समाज के सदस्य उपस्थित रहे। इसके पूर्व सिंधी समाज ने रैली भी निकाली।


## संभागीय मिलेट फूड फेस्टिवल कृषि मेला में छिन्दवाड़ा के पातालकोट की रसोई छाई रही

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 29 एवं 30 मार्च 2025 को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय मिलेट फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कृषि उत्पादों के स्टॉल संभाग के समस्त जिलों के द्वारा लगाए गए जिसमें से छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न मिलेट्स उत्पादों, प्राकृतिक/जैविक उत्पादों, कच्ची घानी तेल तथा पातालकोट की रसोई के द्वारा बनाये गये महुआ के लड्डू, महुआ की पूड़ी, रबड़ी, कुकीज़, बाजरा की खिचड़ी और खीर विभिन्न प्रकार के मिलेट व्यंजनों की धूम पूरे मेले में छाई रही। संभागीय मेले का शुभारम्भ जबलपुर कैट विधायक अशोक रोहणी एवम जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने किया। मिलेट मेले में जबलपुर संभाग के सभी जिलों की खास पहचान और फसल उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए करीब 200 से अधिक विक्रय सह स्टॉल लगाए गए जिसमें छिंदवाड़ा जिले के उत्पादों के स्टॉल के प्रति लोगो में खासी दिलचस्पी दिखाई दी।

जिला कलेक्टर शिलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक जीतेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय मेले में विकासखंड सौंसर के कृषक मटरूलाल डोंगरे ग्राम भूम्मा ने अपने खेत में उत्पादित प्राकृतिक / जैविक हल्दी का स्टॉल लगाया गया। इसके साथ ही विकासखंड छिंदवाड़ा ग्राम खजरी के कृषक राहुल वसूले द्वारा नवरत्न आटे एवं अन्य प्राकृतिक/जैविक फसलों के स्टॉल लगाये गए जिन्हे लोगो के बहुत पसंद किया। विकासखंड छिंदवाड़ा के मेंढकीताल के कृषक सोनू बोनिया ने कच्ची घानी तेल, प्राकृतिक पद्दति से उत्पन्न तुवर दाल एवं अन्य मिलेट उत्पादों का विक्रय किया। आजीविका मिशन छिंदवाड़ा से अम्बेडकर स्व सहायता समूह कोटलवर्री द्वारा भी मिलेट से उत्पादों का स्टॉल लगाया गया साथ ही अर्द्धनारेश्वर फार्मर प्रोडूसर कंपनी सौंसर द्वारा ज्वार से बने उत्पादों का स्टॉल लगाया।




## श्री हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण की कार्ययोजना बनी, तीव्रगति से होंगे निर्माण कार्य



**सौसर, देशबन्धु।** प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र जाम सांवली स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 23 मार्च को जाम सांवली मंदिर में दर्शन और प्रथम चरण के कार्यों के अवलोकन उपरांत द्वितीय चरण की स्वीकृति की घोषणा की गई थी।

मुख्यमंत्री की घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए आज न्यास कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें कलेक्टर एवं न्यास प्रबंधक अजय देव शर्मा की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम तथा श्री हनुमान मंदिर न्यास के पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में द्वितीय चरण के कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई, जिससे आने वाले समय में श्री हनुमान लोक के कार्यों को तीव्र गति मिलेगी।

### प्रथम चरण के कार्य अतिशीघ्र होंगे पूर्ण

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधीक्षण यंत्री राजीव श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि श्री हनुमान लोक परियोजना के प्रथम चरण के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस चरण में मंदिर प्रांगण के विस्तार, सौंदर्यीकरण एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### द्वितीय चरण में भव्य निर्माण कार्य होंगे शामिल

द्वितीय चरण के तहत भक्तों के लिए सुविधाओं का विस्तार करते हुए दर्शन वेटिंग हॉल, श्री हनुमान प्रदर्शनी हॉल, कम प्रवचन हॉल, सर्वसुविधायुक्त भक्त निवास, विशाल पार्किंग क्षेत्र, श्रद्धालुओं हेतु विश्रामालय तथा मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

इस संबंध में पर्यटन विकास निगम की आर्किटेक्ट श्रीमती संगीता वैश्य, नई दिल्ली द्वारा द्वितीय चरण की विस्तृत योजना प्रस्तुत की गई, जिसमें आधुनिक वास्तुकला और परंपरागत धार्मिक मूल्यों का समावेश करते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने की रूपरेखा बनाई गई।

### श्री मूर्ति गर्भगृह निर्माण की प्रतिबद्धता

श्री हनुमान मंदिर न्यास के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने श्री मूर्ति गर्भगृह निर्माण की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य की डिजाइनिंग और प्लानिंग कार्य प्रगति में है, तथा शीघ्र ही भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस गर्भगृह का निर्माण मंदिर की पारंपरिक आस्था और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय को दर्शाने वाला होगा, जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव प्राप्त हो सकेगा।

### प्रशासन का पूर्ण सहयोग और समयबद्धता पर बल

बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने सभी कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा न्यास को प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान लोक परियोजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का भी माध्यम बनेगी।

### बैठक के उपरांत स्थलीय निरीक्षण और महाप्रसाद ग्रहण

बैठक के उपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने श्री हनुमान लोक प्रथम चरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात श्री मूर्ति के दर्शन एवं महाप्रसाद ग्रहण कर भक्तिभाव से पूजा.अर्चना की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर सिद्धार्थ पटेल, अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग सुधांशु चौरसिया, न्यास के संरक्षक दादाराव बोबडे, सचिव टीकाराम कारोकर, सह-कोषाध्यक्ष मनोहर शेलकी, निर्माण समिति के सदस्य नितिन मोहगावकर, संदीप मोहोड़, शिशिर खंडार, अजय धवले, न्यास के आर्किटेक्ट नितिन बागानी ,प्रशासनिक अधिकारी एवं न्यास के कर्मचारीगण सभी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान में छिन्दवाड़ा बनेगा नम्बर वन, फीडबेक कराने निकले निगम आयुक्त और ब्रांड एम्बेसेडर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा स्वच्छता अभियान में देश में चौथे स्थान पर और प्रदेश में प्रथम स्थान पर फीडबेक में है। यदि शहर की जनता 31 मार्च 2025 तक अच्छा फीडबेक दे तो निश्चित रूप से जिला नम्बर वन स्वच्छता अभियान में बनेगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में छिंदवाड़ा को प्रदेश ही नहीं देश में अब्बल स्थान दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम की टीम कोई कसर नहीं छोड़ रही है जिसमें सांसद विवेक बंटी साहू, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके, कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, आयुक्त सी.पी. राय, ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन सहित स्वच्छता टीम फीडबैक हेतु विविध अभियान चला रहे हैं।

इसी के तहत निगम कमिश्नर चन्द्र प्रकाश राय एवं ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन सहित स्वच्छता टीम ने फव्वारा चौंक के अनुपम वॉच से फीडबैक अभियान प्रारंभ किया ओर इतवारी बाजारए गोल गंज के साथ अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर सभी प्रतिष्ठान पहुंचे और व्यापारियों सहित गणमान्य नागरिकों से स्वच्छता हेतु फीडबैक कराकर अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की अपील की।

### 31 मार्च को अंतिम तिथि



निगम आयुक्त श्री राय ने बताया कि स्वच्छता हेतु फीडबैक कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च है अत: अधिक से अधिक नागरिक छिंदवाड़ा के लिए फेडबैक कर अपने प्रिय छिंदवाड़ा को अब्बल स्थान दिलाने की अपील की।

# रेज्डबेड पद्धति से बुआई कर कृषक खेमचंद पाटिल ने बढ़ाया मक्का का उत्पादन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ विकासखंड के ग्राम सिल्लेवानी के कृषक खेमचंद पाटिल एक मेहनती कृषक हैं। उनके पिता महपत पाटिल भी खेती में संलग्न थे। खेमचंद के पास कुल 1.600 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वे वर्षभर मक्का, सोयाबीन, गेहूं और चने की खेती करते हैं।

पूर्व की स्थिति- खेमचंद पाटिल को कुछ वर्षों से खेती में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। अतिवृष्टि एवं कीट प्रकोप के कारण मक्का का उत्पादन लगातार कम होता जा रहा था और लागत बढ़ रही थी। इस क्षेत्र में वर्षा ऋतु के लिए अन्य किसी फसल का विकल्प उपलब्ध न होने के कारण मक्का को छोड़ना भी संभव नहीं था, लेकिन मक्का फसल में उनकी रुचि धीरे-धीरे कम होती जा रही थी।


अपनाई गई तकनीक नवाचार- आत्मा परियोजना, मोहखेड़ द्वारा उनके कृषि प्रक्षेत्र पर रेज्डबेड मक्का फसल उत्पादन तकनीक पर फार्म स्कूल सह प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन हेतु उन्हें 1 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई के लिए मक्का बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री प्रदान की गई। फार्म स्कूल प्रदर्शन में रेज्डबेड सीडड्रिल द्वारा मक्का की बुवाई करवाई गई।

आत्मा परियोजना के अधिकारियों द्वारा रेज्डबेड पद्धति से बुवाई के लाभ बताए गए। बताया गया कि अधिक वर्षा होने की स्थिति में पानी नालियों से होकर खेत के बाहर निकल जाता है, जिससे पौधों के तने और जड़ों को नुकसान नहीं पहुंचता। कम वर्षा होने पर मेढ़ों में संचित नमी का उपयोग पौधा लंबे समय तक करता रहता है। इस वर्ष अत्यधिक वर्षा होने के बावजूद खेमचंद पाटिल ने अनुभव किया कि मक्का की फसल पर अतिवृष्टि का कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा। पौधों और कतारों के बीच पर्याप्त दूरी होने के कारण फसल में धूप और वायु का सही संचार होता रहा जिससे कीट और रोगों का प्रभाव नगण्य रहा।

आर्थिक लाभ- पूर्व में मक्का का उत्पादन घटकर 30-35 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रह गया था। लेकिन इस बार रेज्डबेड पद्धति से बुवाई करने से 48 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त हुआ। साथ ही पहले की तुलना में लागत भी कम आई। कतार से कतार की दूरी अधिक होने से अंत:शस्य क्रियाएं करना भी सरल हो गया।

कृषक खेमचंद पाटिल के अनुसार खरीफ की फसलों के लिए बुवाई की मेढ़.नाली पद्धति सर्वोत्तम है। यह विधि उत्पादन में वृद्धि करती है।

# षष्टी माता मंदिर परासिया रोड में 951 मनोकामना कलश स्थापित किए गए



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विक्रम संवत 2082 दिन रविवार तिथि चैती प्रतिपदा गुढ़ी पाड़वा के दिन स्थानीय षष्टी माता मंदिर परिसर छिन्दवाड़ा में भक्तों द्वारा मनोकामना कलश जवारे 951 स्थापित किए गए। इसकी देखरेख के लिए मंदिर समिति द्वारा पंडा रखा गया है जहां प्रतिदिन घी, तेल डालने का काम और कलश की देखभाल करेगा।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गंगाप्रसाद द्विवेदी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री षष्टी माता मंदिर ट्रस्ट समिति के द्वारा नवरात्रि में भक्तों के लिए पूजा अर्चना के लिए पंडाल आदि की व्यवस्था समुचित की गई है तथा भक्तों को कतारबद्ध महिला पुरूष पृथक-पृथक से माता रानी की पूजा के लिए स्थान बनाया गया है। भक्तों के लिए पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी की गई है। पंडित गंगाप्रसाद द्विवेदी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रात: एवं संध्याकालीन निर्धारित समय पर आरती और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है जहां सभी भक्तों से अनुरोध है कि आरती के समय उपस्थित होकर माता रानी के आरती करें और मंदिर समिति को सहयोग प्रदान करें।

## सार समाचार

# पांढुर्णा में आईपीएल सट्टेबाजी का भंडाफोड, पुलिस ने एक सटोरिए को पकड़ा

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शहर में बढ़ते सट्टा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए एक सटोरिए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शनिवार रात मजदूर केंद्र के पास कबाड़ी दुकान के सामने थाना प्रभारी अजय मरकाम के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोहम्मद मुजीब पिता मोहम्मद आबिद (निवासी घनपेठ वार्ड) को गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियन्स के मैच में सट्टा लिखते हुए पकड़ा।

पुलिस ने आरोपी के पास से 9,750/- रूपये नगद और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इस मामले में अपराध क्रमांक 154/25 के तहत धारा 4 क सट्टा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इस छापेमारी में थाना प्रभारी अजय मरकाम, उपनिरीक्षक लखन भीमटे, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, आरक्षक अशोक हरसूले और साइबर सेल आरक्षक अखिलेश शामिल थे।

## बड़े सट्टेबाज अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

शहर में बड़े स्तर पर चल रहे आईपीएल सट्टेबाजी नेटवर्क को लेकर चिंताएं बरकरार हैं। सूत्रों के अनुसार सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में शहर में लाखों रुपए का सट्टा कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन पुलिस अब तक बड़े बुकी तक नहीं पहुंच सकी है। हालांकि साइबर सेल की मदद से इन तक पहुंचना आसान हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद मुख्य सट्टेबाजों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

पांढुर्णा थाना प्रभारी ने इस सामाजिक अपराध को रोकने के लिए कदम तो उठाया है, लेकिन इस छोटे सटोरिए को पकड़कर बड़े माफियाओं तक न पहुंच पाने की पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहरवासी अब यह देखना चाहेंगे कि पुलिस इस काले धंधे की जड़ों तक कब पहुंचेगी और मुख्य सरगनाओं पर कब शिकंजा कसेगी।

# गोविन्द चौरसिया अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, सामाजिक भावनाओं की पर्याय जन परिषद पर वियतनाम में अंतरराष्ट्रीय मीट



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पर्यावरण पर केंद्रित, अग्रणी संस्था जन परिषद की ग्यारहवीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, वियतनाम की हो ची मिन्ह सिटी में जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन.के. त्रिपाठी, सुप्रसिद्ध शिक्षाविद श्रीमती नयनतारा पाठक, श्रीमती लक्ष्मी त्रिपाठी एवं मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी सुश्री हर्षल बजाज की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष एन.के. त्रिपाठी ने जन परिषद की 36 वर्षों की यात्रा की अनेक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सबके सम्मिलित प्रयासों एवं जन परिषद के रचनात्मक प्रयासों से संस्था जन परिषद सामाजिक भावनाओं की पर्याय बन गई है। जन परिषद की इस मीट में पधारे सभी डेलीगेट्स का स्वागत करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण को बचाना हम सबकी प्रमुख जिम्मेदारी है। श्रीमती नयन तारा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि एक एक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। सुश्री हर्षल बजाज ने जन परिषद के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बात सच है कि जन परिषद, संस्था नहीं,परिवार है। इस अवसर पर सर्व एन.के. त्रिपाठी, श्रीमती नयन तारा पाठक, सुश्री हर्षल बजाज, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया, अशोक निगम समेत करीब आठ डेलीगेट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामजी श्रीवास्तव ने एवं आभार श्रीमती भट्ट ने किया ।

# नगर पालिक निगम के परिषद की बैठक में संविधान की हत्या के विरोध में सेवादल ने दिया धरना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के द्वारा परिषद की बैठक में न केवल नियमों को तांक में रखकर सत्ताधारी दल के पार्षदों ने संविधान की हत्या करते हुए सदन का वॉकआऊट कर दिया अपितु भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए और जनता के जेब में डाका डालने के लिए बढ़ाऐं गए जल कर और संपत्ति कर पर चर्चा भी नहीं की और सर्वसम्मति से पारित हो गया कहकर चलें गए। यह निंदनीय कृत्य है और जिला कांग्रेस सेवादल ने धरना देकर इस घटना की निष्पक्ष जांच कलेक्टर से कराऐं जाने की मांग करते हुए परिषद के असंवैधानिक बैठक में वॉकआऊट और चर्चा नहीं होने की निंदा की।

सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस संगठन, कांग्रेस पार्षद दल, महिला कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल इसका कड़ा विरोध करते हुए सड़को पर उतरकर न केवल प्रदर्शन करेंगे अपितु जरूरत पड़ने पर न्यायालय की शरण में भी जायेंगे।



# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल संरक्षण की महत्ता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप मध्य प्रदेश शासन ने आज से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलेगा।

इस अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ जिले की जनपद पंचायत अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत तेंदनीमाल से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, महापौर विक्रम अहके, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एडिशनल एस पी आयुष गुप्ता, एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे सहित अन्य अधिकारी, टीकाराम चंद्रवंशी, दीपक नेमा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा यह अभियान जल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है, जिसमें प्रशासन के साथ-साथ आमजन को भी सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नई जल संरचनाओं के निर्माण के साथ.साथ पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया जाएगाए जिससे वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण संभव हो सके।

इस अभियान के तहत तेंदनीमाल में जल संरक्षण के लिए 7 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें वनाधिकार पट्टाधारी कुंवरलाल मरकाम के खेत तालाब के साथ अन्य 6 लोगों के कार्यों का भूमिपूजन कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा किया गया। यह जल संरचनाएँ क्षेत्र में जल संग्रहण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा जिले में 1631 खेत तालाब, 1631 कपिलधारा कुएँ और 33 अमृत सरोवर निर्माण का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार इसे बढ़ाकर 2500 खेत तालाब, 2500 कपिलधारा कुएँ और 40 अमृत सरोवर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी के तहत आज पूरे जिले में 821 कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और जल संरक्षण के प्रयासों को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, सभी का सहयोग जरूरी है।

# विक्रमोत्सव 2025-सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर नाटक का हुआ मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम आज प्रदेश भर में आयोजित किया गया। सूर्य उपासना का जिला स्तरीय कार्यक्रम छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में मुख्यालय के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ।



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ नाट्यगंगा रंगमंडल के कलाकारों द्वारा अपनी संगीतमय प्रस्तुति के साथ ब्रम्ह ध्वज की स्थापना से किया गया। जिसके बाद छिंदवाड़ा सांसद श्री साहू, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, शेषराव यादव व महापौर विक्रम अहके सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। जिसके बाद सभी ने संस्कृति विभाग से भेजे गए 14 मंगल ध्वजों का पूजन किया। इन मंगल ध्वजों की स्थापना शहर के 14 प्रतिष्ठित मंदिरों में नगर निगम द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने सभी को हिन्दू नववर्ष और विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ की बधाई देते हुए पूरे प्रदेश भर में सूर्य उपासना कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास से सभी को परिचित कराने की पहल के किए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ब्रह्म ध्वज का महत्व एवं इतिहास भी बताया। उन्होंने बताया कि सृष्टिकर्ता महाकाल की प्रेरणा से बह्मदेव ने सृष्टि का निर्माण किया। 1955885126 वर्ष पूर्व से प्रवर्तित सृष्टियाब्द के आरंभ से ही कोटि सूर्य को महिमा प्रदान की गई है। यह ब्रम्हध्वज वर्षों पूर्व परंपरा से महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर समय-समय पर स्थापित रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार द्वारा तैयार पुस्तिका भारत का नववर्ष-विक्रम संवत का स्वयं भी अध्ययन करें और भावी पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जरूर परिचित कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने भी सभी को हिन्दू नववर्ष, प्रतिपदा और विक्रम संवत शुभारंभ की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हमने ऐसी धरती पर जन्म लिया है, जहां महान सम्राट विक्रमादित्य जैसे राजा हुए, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। हम सभी उनके इतिहास को जानेए उससे सीखें और महान कार्य करें। जिससे भावी पीढ़ी भी महान कार्यों को करने के लिए प्रेरित हो। महापौर श्री अहके ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महान सम्राट विक्रमादित्य की कहानी इतने रोचक ढंग से जानने और समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में नाट्य गंगा रंगमंडल छिंदवाड़ा के कलाकारों द्वारा भोपाल नाट्य एकेडमी द्वारा प्रायोजित सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम संवत के इतिहास पर केंद्रित नाट्य का आकर्षक मंचन किया गया। नाट्य में विक्रम नामक पोते और उसके दादाजी के संवाद के माध्यम से राजा विक्रमादित्य के जन्म से लेकर, शकों के आक्रमण, विक्रम सेन के युवावस्था में पहुंचने, शकों को पराजित कर मालवा के नवरत्नों की पहचान कर उनके नेतृत्व में ज्ञान, विज्ञान, भाषा और वैदिक रीति के प्रसार के लिए किए गए कार्यों से लेकर मालवा को समय गणना का वैश्विक केंद्र बनाने और महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य बनने तक के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद श्री साहू, कलेक्टर श्री सिंह, श्री यादव, महापौर अहके के साथ ही सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता, अंकुर शुक्ला, बलराम साहू, सौरभ ठाकुर, भरत घई, श्रीमती शिवानी सक्सेना, श्रीमती लीला बजौलिया, श्रीमती नीलू क्षत्रीय, माइकल पहाड़े, बंटी उईके, राहुल उईके व राजू नावटे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।